आकाशवाणी केन्द्र शिमला
17.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मतदान

प्रदेश के 51 शहरी निकायों में मतदान आज शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। आज नगर निगम धर्मशाला, पालमपुर, सोलन और मण्डी सहित 25 नगर परिषदों और 22 नगर पंचायतों में वोट डाले गए। मतदान प्रक्रिया पूरा होने के साथ ही एक हज़ार एक सौ 47 उम्मीदवारों का भविष्य ई.वी.एम. में बंद हो गया है। नगर परिषद और नगर पंचायतों के लिए डाले गए मतों की गिनती जारी है और देर रात तक सभी नतीजे घोषित कर दिए जाएंगे। इसके अलावा नगर निगमों के चुनाव नतीजे 31 मई को घोषित किए जाएंगे। भाजपा और कांग्रेस के अलावा बड़ी संख्या में निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव मैदान में हैं।

मतदान आंकड़े

अभी तक मिली जानकारी के अनुसार सिरमौर ज़िले में शहरी निकायों के चुनाव के लिए कुल 67 दशमलव दो चार फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। नगर परिषद नाहन में 67 दशमलव तीन नौ प्रतिशत, पांवटा साहिब में 65 दशमलव आठ सात प्रतिशत जबकि नगर पंचायत राजगढ़ में करीब 78 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। शिमला ज़िले में नगर परिषद व नगर पंचायतों के चुनाव में 77 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। हमीरपुर ज़िले के नगर परिषद सुजानपुर में 77 दशमलव आठ आठ प्रतिशत जबकि नगर पंचायत भोटा में 83 फीसदी से अधिक मतदाताओं ने वोट डाले।

मतदाता–उत्साह

प्रदेश में शहरी निकायों में मतदान को लेकर इस बार बुजुर्ग मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला है। कई स्थानों पर सौ वर्ष की आयु के बुजुर्ग भी मतदान के लिए पोलिंग स्टेशन पहुंचे। शिमला ज़िले की चिड़गांव नगर पंचायत में सौ वर्ष से अधिक उम्र की कौल दासी ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। ठियोग वार्ड में भी एक सौ 2 वर्षीय विमला देवी सूद ने मतदान किया। पिछली बार शहरी निकाय चुनावों में प्रदेश में करीब 73 फीसदी मतदान दर्ज किया गया था।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने आज मण्डी ज़िले में सराज विधानसभा क्षेत्र के गाड़ा गुसैनी और बगड़ाथाच में पार्टी समर्थित ज़िला परिषद सदस्य के पक्ष में प्रचार किया। उन्होंने दावा किया कि सराज विधानसभा क्षेत्र के सभी ज़िला परिषद वार्डों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की जीत होगी। कांग्रेस सरकार को घेरते हुए उन्होंने कहा कि सरकार का साढ़े 3 वर्ष का कार्यकाल निराशाजनक रहा है और इस अवधि में केवल संस्थानों को बंद करने का काम किया गया है।

भाजपा

प्रदेश भाजपा ने कहा है कि राज्य में महंगाई बेलगाम हो चुकी है लेकिन सरकार पूरी तरह मूकदर्शक बनी हुई है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि राज्य में सीमेंट के दाम हर महीने बढ़ रहे हैं लेकिन कांग्रेस सरकार जनता को राहत देने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की कमज़ोरी और निष्क्रियता के कारण आज सीमेंट कंपनियां मनमानी कर रही हैं जिससे गरीब, मध्यम वर्ग, किसान और आपदा प्रभावितों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है।

बयान

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल और पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर के बयानों पर पलटवार करते हुए कहा है कि राज्य सरकार ने सभी गारंटियों को पूरा कर दिया है। एक संयुक्त बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जो कहती है, वो करती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पुरानी पैंशन योजना, युवाओं के स्वरोज़गार के लिए राजीव गांधी स्टार्टअप योजना, किसानों के कल्याण के लिए किसान आयोग के गठन सहित हर वर्ग के लिए कार्य किए हैं। दोनों नेताओं ने कहा कि सरकारी क्षेत्र में ही पिछले 3 वर्षों में 23 हज़ार से अधिक युवाओं को नौकरी दी गई है और हज़ारों पद भरने की प्रक्रिया जारी है।

सी.बी.एस.ई.

शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के सी.बी.एस.ई. संबद्ध एक सौ 56 नए विद्यालयों में कला, विज्ञान और वाणिज्य तीनों संकाय शुरू करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। मुख्यमंत्री द्वारा हाल ही में शिक्षा विभाग से मांगी गई रिपोर्ट में सामने आया था कि एक सौ 56 विद्यालयों में से 18 विद्यालयों में तीनों संकाय उपलब्ध नहीं हैं। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने शिक्षा विभाग को इन सी.बी.एस.ई. स्कूलों में आवश्यक शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए हैं ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।